सत्य की उडान
अलग पहचान
रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनीक
रांची, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024, वर्ष 10, अंक 111 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा यंग वोटर को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कैंडल मार्च

सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाडी कॉलेज रांची, विमेंस कॉलेज रांची के छात्र/छात्राओं द्वारा कैंडल मार्च

इस दौरान सभी छात्र/छात्राओं ने एक स्वर में कहा "कौन गढ़ेगा देश को, मेरा वोट.. मेरा वोट", "25 मई देना है देना है वोट"



रांची।स्वीप के तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक-22 अप्रैल 2024 को अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में सेंट जेवियर कॉलेज रांची एवं मारवाडी कॉलेज रांची, विमेंस कॉलेज रांची के चुनावी साक्षरता क्लब के छात्र/छात्राओं द्वारा यंग वोटर को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया।

इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी, जफर हसनाथ, सेंट जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कैंडल मार्च के दौरान छात्र/छात्राओं में गजब का जोश**

सेंट जेवियर कॉलेज रांची से शहीद चौक तक कैंडल मार्च निकालने के दौरान छात्र/छात्राओं में गजब का जोश था। उन्होंने जब एक स्वर में कहा "कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट.. मेरा वोट", "25 मई देना है, देना है वोट" ये नारा सुन कर कैंडल मार्च के रास्तों में निकले राहगीरों ने भी काफी उत्सुकता से इस मार्च को देखा। उन्होंने भी छात्र/छात्राओं के साथ 25 मई को हम भी मतदान करेंगे और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

**मतदान करने की अपील**

अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी से मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने कहा की आपका एक-एक वोट से देश सबल और सशक्त बनेगा। आप 25 मई को मतदान जरूर करें।

# काके विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ

**रांची।यह** मोदी का दौड़ता हुआ भारत है ना थकता है ना झुकता है दुश्मनों के आंखों में आंख डालकर बात करने वाला भारत है =संजय सेठ आज कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ कांके रिंग रोड पर कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय रांची लोकसभा के अंतर्गत खोला गया इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कांके के लोकप्रिय विधायक समरी लाल, मनोज महतो बाजपेई संयोजक संजीव विजय वर्गीय रमाकांत महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे।



इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सह प्रदेश के महामंत्री आदित्य साहू ने कहा ने अपने संबोधन में कहा यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगी इसलिए हम सबों को 25 मई को अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है भाजपा का मंत्र है बूथ जीतो चुनाव जीतो इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर डटकर खड़ा रहना है और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा मत का प्रयोग हो सके

इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा यह मोदी का दौड़ता हुआ भारत है ना थकता है ना झुकता है दुश्मनों के आंखों में आंख डालकर बात करने वाला भारत है पहले ऐसा होता था कि पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ क रा करके कश्मीर, पंजाब, आदि जगहों पर हमले करवा देता था तब भारत इसका महज मौखिक ही विरोध दर्ज करता था, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकर या परिपाटी बदली और आतंक को उसी के घर में घुसकर जवाब देने की सेना को खुली छूट दे दी सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए भारतीय सेना ने यह बता दिया कि भारतीय सेना वक्त आने पर कुछ भी करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गए हैं विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी। आज के इस अवसर पर कमलेश राम

ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, नसीब लाल महतो, प्रीतम साहू सुजाता कच्छप नीरज पासवान बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल ,हृदय साहू, राम लखन मुंडा , सहित कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष महानगर और ग्रामीण के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संस्कार भारती ने चाईबासा में नई समिति का किया गठन



**रांची:** संस्कार भारती झारखंड प्रान्त की ओर से चाईबासा में नई समिति का गठन किया गया।

गठन के मौके पर संस्कार भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन,रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद,झारखंड प्रान्त की नाट्य सह संयोजक अनिता सिंह एवं सिंहभूम के विभाग प्रमुख विजय जी तथा चाईबासा के संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

डॉ शशिलता जायसवाल अध्यक्ष,देवेंद्र कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, विनोदनी उपाध्यक्ष, सुष्मिता चटर्जी मंत्री, शशि गुप्ता सह मंत्री,विद्युत सिंह राय कोषाध्यक्ष , विश्वनाथ बरनवाल सह कोषाध्यक्ष, डॉक्टर विनीता वर्मा साहित्य संयोजक, प्रियंका राठौर साहित्य सहसंयोजक, रूबेला घोष संगीत संयोजक, सूर्य कारवां संगीत सहसंयोजक, चंदन दत्ता नृत्य संयोजक , सौम्य भार्गव नृत्य सहसंयोजक, शिवलाल शर्मा नाटक संयोजक ,जगन्नाथ मुंडा सहसंयोजक ,अंबर माधुरी चित्रकला संयोजक सुलेखा उगुरसाण्डी चित्रकला सहसंयोजक ,रिंकू बनर्जी लोक कला संयोजक सुभाष घोष लोक कला सहसंयोजक ,मृदुला रानी निषाद भू अलंकरण संयोजक,हेमंती विश्वकर्मा भुअलंकरण सह संयोजक,जितेंद्र ज्योतिषी चलचित्र छायांकन संयोजक,राहुल शर्मा सह संयोजक, तथा कार्यकारिणी सदस्य: राधा मोहन बनर्जी,जूपिका रक्षित,अनामिका बोस,संतोष कुमार् सिन्हा, हेमराज निषाद,सुशांत कुमार निषाद,सोनी ओझा एवंसोनि गोपालन को समिति में शामिल किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ एवं समापन शांति पाठ से किया गया।

**रांची।पतंजलि** योगपीठ हरिद्वार में वैदिक साहित्य काव्यपाठ प्रतिस्पर्धा का आयोजन 17 से 21 अप्रैल तक हुआ. स्पार्धा बाबा रामदेव की संस्था द्वारा आयोजित किया गया था. जिसमें पतंजलि संस्था मेंन द्वारा संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों जैसे पतंजलि गुरुकुलम हरिद्वार, देवप्रयाग, ज्वालापुर, नासिक, आचार्यकुलम् रांची, हरिद्वार और पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया. इसमें रांची से कुल 17 बच्चों ने भाग लिया. जिनमें 10 लड़की और 07 लड़के शामिल हैं. इस कार्यक्रम में रांची के आचार्यकुलम् में पदस्थापित पूज्य साध्वी देवेष्टि जी के मार्गदर्शन में सभी छात्र छात्राओं ने अन्य संस्थानों की तुलना में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एव 17 में 16 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. अभिनीति अवस्थी और अनुभूति अवस्थी को अष्टाध्यायी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रामदेव बाबा ने आजीवन गोद ले लिया. भगवद्गीता में आयुष, अनमोल, अनन्या, आन्या, जिया, आयुषी, ऋतिका, प्रिन्सी कौस्तुभ, साकेत, समृद्धि, शौर्य, उपास्या तथा दर्शन में अक्षत, सूरज और मनश्विनि ने भाग लिया. सभी बच्चों को स्वामी रामदेव के द्वारा स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार राशि दी गई।



## अमन अग्रवाल को आज सम्मानित करेगा मारवाड़ी सम्मेलन

**रांची** जिला मारवाडी सम्मेलन के तत्वाधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को अपराह्न 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल का प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा। अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के पद पर 544 में रैंक से पास होकर समाज का मान बढ़ाया है। अमर अग्रवाल के पिता मनोज अग्रवाल एवं माता श्रीमती बबीता अग्रवाल है। एवं अमन के चाचा जी रविंद्र अग्रवाल आईएएस है। जो वर्तमान में केरल राज्य में प्रिंसिपल सेक्रेट्री फाइनेंस के पद पर कार्यरत हैं। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

# इंडी गठबंधन का उद्देश्य जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकनाः सुदेश

**तमाड** विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक आयोजित

रांची : संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुँच है। इस पहुँच को और मजबूत व सुदृढ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।



उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक के दौरान कही। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा प्रभावी चहेरा है वहीं दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है।

हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए। इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

बैठक में खूंटी लोकसभा प्रभारी रमेश मुंडा, गुंजल इकिर मुंडा, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, केंद्रीय सदस्य केशव चंद्र महतो, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल, रांची जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा, अडकी प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, दुति कृष्ण मुंडा, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला अध्यक्ष राधिका देवी, बुंडू नगर अध्यक्ष सुमित्रा देवी,तमाड पूर्वी महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, तमाड प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता,

# अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक

**जिला** निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार बैठक

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को उपलब्ध करायी जायेगी पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा

मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन कर पोस्टल बैलट से मतदान की दी गयी जानकारी



रांची।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

**मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन**

वैसे मीडियाकर्मी जिन्होंने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतदान कवरेज हेतु प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है और वो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के इच्छुक हैं। उन्हें बैठक के दौरान बैलेट के माध्यम से मतदान के मार्गदर्शन हेतु वीडियो दिखाया गया।

**पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान**

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कार्यरत रहेंगे। आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल 16 श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

# सरयू राय लड़ सकते हैं धनबाद से लोकसभा चुनाव, भारतीय जनतंत्र मोर्चा कर सकता है ऐलान

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को सिर्फ आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है , समर्थन नहीं : सरयू राय



**धनबाद** : भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने घोषणा कर दी है कि वह धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी. सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी यहां से प्रत्याशी मैदान में उतारेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे में प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी.

सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है. श्री राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है.

**बीजेपी के उपर जमकर साधा निशाना**

सरयू राय ने केंद्र की बीजेपी के पर जमकर प्रहार किया और कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलु महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है. जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है. साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है. उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराएं वाले भी हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है.

**खुद लड़ सकते हैं चुनाव**

सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं. यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीती थी. अगर सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है. सरयू राय ने हाल में बीजेपी प्रत्याशी ढुलू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं. वह लगातार उनपर हुए केसों पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं.

**चुनाव आयोग करें लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो मामले में जांच**

भाजपा ने 2014 में कहा था कि बाघमारा को ढुल्लू के आतंक से मुक्त कर देंगे। लेकिन आज इस आतंक करने वाले को धनबाद लोकसभा का भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।जिस पर 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। यह बातें जमशेदपुर के विधायक व भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संस्थापक सरयू राय ने धनबाद में सोमवार को पत्रकार वार्ता में कहीं।

**शहर के इन इलाकों में चलती है ढुल्लू की रंगदारी : सरयू**

उन्होंने कहा कि 22 ऐसे मामले का धारा हैं, जिसका ट्रायल अगर तुरंत शुरू हो जाए तो 5 से 10 साल तक की सजा हो सकती है। बीसीसीएल के एरिया 1 से लेकर पांच एरिया तक ढुल्लू महतो की रंगदारी चलती है। यह पुलिस के रिकॉर्ड में भी है।

**ग्रामीणों की जमीन पर जबरदस्ती कर रखा कब्जा : सरयू राय**

बाघमारा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में महतो ने जबरदस्ती जमीन कब्जा करके रखा है। वहां के लोग आतंक के साए में जी रहे हैं।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टीम उन पीड़ितों से मिलेगी और चुनाव आयोग के पास रिपोर्ट भेजेगी।

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पर का नारा दिया है। और इन क्रिमिनलों के जरिए अगर 400 का आंकड़ा पार करना चाहती है। यह काफी दुर्भाग्य की बात है।

**धनबाद से चुनाव लड़ेगी भारतीय जनतंत्र मोर्चा**

धनबाद से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद से चुनाव लड़ेगी, लेकिन प्रत्याशी कौन होगा यह पांच सदस्य टीम तय करेगी। यही 5 सदस्य टीम बाघमारा के दौरे पर जा रही है। वहां से लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

इस टीम में मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार , विजय झा, पीके सिंह, उदय कुमार सिंह एवं पंकज कुमार शामिल हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के संबंध में उन्होंने कहा कि उन्हें आशीर्वाद दिया है।

इंडी प्रत्याशी बनने के बाद वह हमारे पास मिलने आई थी। मौके पर कृष्णा अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, नवनीत सिंह, मुकेश सिंह सहित भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरयू राय ने बाघमारा का किया दौरा



श्री राय ने लेडी डूमर और मुरायडीह स्थित विधायक ढुलू महतो की कथित कब्जेवाली जमीन पर बनी चाहरदिवारी का मुआयना किया। तत्पश्चात मुरायडीह बस्ती निवासी अमित महतो के आवास पर पहुँचकर पत्रकारों से बातें की।वार्ता के दौरान विधायक श्री राय ने कहा कि गरीबो व असहायों को न्याय दिलाऊँगा। अबतक नियम कानून की धज्जियां उडी है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गरीबों के साथ न्याय नही किया है।

इन कमजोर लोगो की लडाई हम खुद लडेंगे। मौके पर पूर्व बियाडा चेयरमैन विजय झा, गौतम मंडल, उदय सिंह, बिनय सिंह,बलराम महतो, आलोक सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, राजेश राम, परवेज अंसारी, रविन्द्र नाथ पांडेय, अनुज महतो, शाहिद अंसारी समेत अन्य थे।

# जलापूर्ति की मांग को लेकर बीडीओ से मिली उप प्रमुख आशा देवी





**बलियापुर** : बढ़ती हुई गर्मी और सूखते जलश्रोतो से क्षेत्र में जलसंकट गहराता जा रहा है। अरसे से निर्माणाधीन नल जल योजना भी दम तोड़ती नजर आ रही है। इसी की लेकर प्रखण्ड उप प्रमुख आशा देवी आज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से नल जल योजना से जलापूर्ति, खराब पड़े जल मीनारों और चापाकलों की मरम्मत आदि समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से वार्ता की। इस संबंध में बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा कहा गया कि जलापूर्ति योजना पर लगातार नजर रखें है। पेयजल की समस्या न हो इसको लेकर कोषांग भी बनाया गया है। खराब जल मीनारों की सूची मंगा ली गई है, पंचायतों को मरम्मती करने बोला गया है। उप प्रमुख आशा देवी ने बलियापुर पूर्वी पंचायत की समस्या को रखते हुए कही कि बलियापुर नीचे टोला, बोरमुड़ी, बाघजोबरा, सिंगियाटांड़, डांगापाड़ा कालोनी, और डांगापाड़ा रोड साइड के मकानों में पानी सप्लाई और क्नेशन देने की मांग की। जिससे की लोगों की समस्या का समाधान हो सके। इसके साथ ही बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह और छाताटांड पंचायत के पाथरडीह टोला में भी जलापूर्ति की मांग की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# मैट्रिक प्रखंड टॉपर आकाश प्रमाणिक को सम्मानित किया गया



**बलियापुर** : बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव के छात्र आकाश प्रमाणिक ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकाश ने प्रारंभिक शिक्षा सन पब्लिक स्कूल पलानी तथा दशम बाघमारा उच्च विद्यालय से किया है। आकाश के इस उपलब्धि पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने आज उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से किया गया कार्य हमेशा सफल होती है तथा शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने और परिवार के सपनों को पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्होनें छात्र आकाश बधाई, शुभकामना तथा आशीर्वाद दिया। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंसस लक्ष्मी नारायण महतो, पंसस दिवाकर महतो, पंसस निर्मला देवी, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, धीरेन प्रमाणिक, आरती देवी, दिलीप कुमार महतो, विश्वजीत महतो, धर्मदेव तुरी आदि मौजूद थे।





तिसरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर मैं 45 फलेरिया मरीजों को एम एम डी पी किट का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एस डी सी के सुनिल साव, एम पी डब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्ट उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि कट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका उपयोग कैसे करें किट में प्लास्टिक का टव, सावुन , तौलिया, मग, सेवलोन,मलहम, गल्पस के अलावा कई सामग्री थे मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर ले सहिया दिदि घर-घर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें ताकि रोग बड़े नहीं मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है मच्छर काटने से बीमारी पनपत्ति है अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह ले। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी सुलेखा देवी रानी देवी शांति प्रिया संजू पूनम देवी सरिता देवी रेखा साहनी पुष्प लता देवी मनोरमा गुप्ता आदि थी।



तिसरा। घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरी वाधं के समीप रविवार की देर शाम एक अधेर व्यक्ति का शव मिला था 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकती है। ओपी प्रभारी अपने स्तर से इसकी पहचान का काफी प्रयास कर रहे हैं पर अभी तक कहीं से भी कोई सुराग नहीं मिला है इसकी तस्वीर को कई ग्रुप में भी डालकर लोगों से जानकारी मांगी गई है प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 72 घंटे तक हम इसका इंतजार करेंगे की कोई उसे पहचान ले ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके हालांकि देखने से प्रतीत होता है कि बीमार किस्म का व्यक्ति था कहां से भटकता हुआ आया है यह अभी पता नहीं चल रहा है 72 घंटे के बाद इसे धनबाद भेजा जाएगा और वरिए अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी ने कहा कि किसी को भी जानकारी हो तो पुलिस को सूचना करें पुलिस हर संभव मदद करेगी। चोट या किसी तरह का शरीर में खरोच भी नहीं है।

# झारखंड के इन जिलों में हीट वेव से रहे सतर्क, आज यहां बारिश...

**रांची** : राजधानी रांची में सुबह से हल्के बादल छाये हुये है। बीच-बीच में धूप भी दिखाई देती है। लेकिन अभी तक आज तेज धूप नहीं है। मौसम विभाग ने आज राज्य के दक्षिणी भागों में कही-कही हल्की बारिश के आसार जताये है। इससे गर्मी से थोडी राहत मिलेगी। लेकिन कल यानी 23 अप्रैल को फिर हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि कल और 25 अप्रैल को हीट वेव से सतर्क रहे। जिन इलाकों में हीट वेव का असर सबसे ज्यादा दिख सकता है उनमें पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो और सरायकेला शामिल है। इन इलाकों में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा टेम्परेचर बहरागोडा में 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बहरागोडा, सरायकेला, गोड्डा, पाकुड, जामताडा, डाल्टेनगंज में पारा 42 के पार है।

# सघन जाँच के दौरान महुदा में 8 किलो गांजा के साथ एक अपराधी पकडाया दूसरा हुआ फरार

**धनबाद** (झारखंड) 22 अप्रैल 2024:- जिले के वरीय पुलिस अधिकारी के आदेश पर बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गठित टीम में गत दिनों चेकिंग अभियान के तहत कपूरिया की ओर से आने वाली वाहनों की जांच के दौरान एक टी वी एस राइडर बाइक गाडी घुमाने लगा संदेह होने पर महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार व अन्य सस्त्र बलो ने एक को दबोचा, जिसके पास थैले से 4 पैकेट में बंद अवैध गांजा 8.481के जी जब्त किया ।पकडे गए युवक गांजा तस्कर 27 वर्षीय गोरंगो रवानी,स्व० जगरन्नाथ रवानी ,गुण्डुबा, थाना-निरसा, जिला-धनबाद बताया है,जबकि दूसरा साथी अंधेरे व झाडी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा,जिसकी गिरफ्तारी के लिये अभियान जारी है,उक्त बातें बाघमारा एस डी पी ओ आनंद ज्योति मिंज ने सिजुआ स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी।पुलिस ने एक रीयलमी का मोबाइल,टीवीएस का राइडर बाइक व लगभग साढे 8 केजी गांजा जब्त कर महुदा थाना में कांड संख्या 29/2024 दर्ज कर अनुसंधान जारी करते हुये गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाघमारा एसडीपीओ श्री मिंज ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर भी सघन छापेमारी व जांच अभियान चलाया जा रहा है।



अलग पहचान



# मुख्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्यों के नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक ,निर्वाचन संबंधी तैयारियों का लिया जायजा

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**



**बागपत।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा नामित मुख्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्यों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की।

भारत निर्वाचन आयोग से बागपत लोकसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त मुख्य सामान्य प्रेक्षक विजय वी नायक, मुख्य पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह और मुख्य व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कहा ककि, प्रलोभन व भयरहित मतदान सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है ,जिसके लिए आयोग द्वारा दिशा निर्देशों का संकल्प के साथ अनुपालन जरूरी है।

बैठक के दौरान मुख्य प्रेक्षकों ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की संख्या, बूथों पर मूलभूत सुविधाओं, ईवीएम और वीवीपेट मशीनों के रेंडमाइजेशन, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, स्ट्रॉन्ग रूप व मतगणना केंद्र की व्यवस्था, स्वीप गतिविधियों, कानून व्यवस्था, सीमाओं पर निगरानी दलों की तैनाती, ईवीएम मशीनों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था, मतदान उपरांत स्ट्रॉन्ग रूम में रखने सहित अन्य निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी ली।समीक्षा बैठक में मुख्य प्रेक्षकों ने जिले में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।कहा कि ,ईवीएम ट्रांसपोर्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं से प्रत्याशियों को जरूर अवगत कराया जाए और आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही निर्वाचन कार्य का निष्पादन किया जाए।

बैठक में मुख्य प्रेक्षक ने निर्वाचन आयोग की कोई मतदाता न छूटे के ध्येय को पूरा करने के उद्देश्य से संचालित स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी ली और एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी विजिल, एमसीएमसी कमेटी, कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण के कार्यों की समीक्षा कर नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पार्टी कार्यकर्ताओं की सबसे बडी परीक्षा है चुनाव:रमेश बिधूड़ी



**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बड़ौत।लोकसभा** प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागंवान के चुनाव प्रचार में आये दक्षिण दिल्ली से बीजेपी के सांसद व उत्तर प्रदेश के सह-प्रभारी रमेश बिधूड़ी ने कहा कि,प्रचार करने के लिए अब कुछ दिन का ही समय बचा है, लेकिन भाजपा अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति के लिए काम करती है, इसलिए उसे पहले से बेहतर की उम्मीद है।

उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि, उन्हें मेहनत से कार्य करके अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। चुनाव राजनैतिक कार्यकर्ताओं की सबसे बडी परीक्षा होती है। गंठबंधन प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागंवान को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद में भेजना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। शाहमल कॉलोनी में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि, पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। गठबंधन देश में 400 सीटें और उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतेगा।

इस दौरान लोकसभा प्रभारी डॉ अशोक नागर, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन, लोकसभा संयोजक व पूर्व विधायक जितेंद्र सतवई, विधानसभा प्रभारी गोविन्द चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर, अनिता खौखर, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी सुधीर मान, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, प्रमोद खौखर, रविन्द्र खौखर आदि मौजूद रहे।

## नीलगाय को बचाने के चक्कर में पलटी कार पांच घायल, एक को किया हायर सैंटर रैफर

**संवाददाता संजीव शर्मा**



**बालैनी।**मेरठ-बागपत हाइवे पर टोल प्लाजा के समीप नीलगाय को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पलट गई ,जिसमें कार में सवार पांच लोग घायल हो गए । सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मेरठ के झिझोकर गाँव निवासी अभिजीत, कुसुम, बबिता, दक्ष और सुमित रविवार की दोपहर कार में सवार होकर बागपत जा रहे थे। जब वह मेरठ-बागपत हाइवे पर बालैनी टोल प्लाजा के समीप पहुँचे ,तो अचानक कार के सामने नीलगाय आ गई ,जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई और कार सवार पांचों लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां डॉक्टरों ने अभिजीत की गंभीर हालत देखते हुए उसे मेरठ रेफर किया है।

## जनपद में निर्वाचन के मद्देनजर डेढ हजार वाहनों का अधिग्रहण, 23 अप्रैल में उपलब्ध कराने होंगे वाहन, अन्यथा एफआईआर

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** दूसरे चरण के मतदान को निर्विघ्न व सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में जरूरत पडेगी 1500 वाहनों की। इसके लिए वाहनों के अधिग्रहण संबंधी आदेश भी सर्व करा दिए गए हैं तथा 23 अप्रैल को निर्धारित स्थान पर वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।वहीं समय पर वाहन निर्धारित स्थान पर उपलब्ध न किए जाने पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात भी कही गई है।

संभागीय परिवहन अधिकारी एके सिंह राजपूत के अनुसार दूसरे चरण के चुनाव के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन के लिए डेढ हजार वाहनों का अधिग्रहण किया गया है, जिनमें बसें, स्कूल बसें, ईको, बुलेरो, सूमो, छोटा हाथी, अर्टिगा, पिकअप मैजिक, केंटर एवं टैक्सी आदि गाडियां शामिल हैं।वाहन स्वामियों से अपेक्षा की गई है कि, निर्वाचन कार्य में सहयोग करे, अन्यथा की स्थिति में एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# बड़ौत के जोहर पब्लिक स्कूल में हुआ जिला स्तरीय स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में मॉडल बूथ व नुक्कड़ नाटक

**संवाददाता नीतीश कौशिक**





**बागपत।**स्वीप जागरूकता अभियान के अंतर्गत बड़ौत के जोहर पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का् शुभारंभ जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया तथा कहा कि, लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनना चाहिए। सभी त्यौहार साल में एक बार आते है लेकिन, लोकतंत्र का त्यौहार पांच वर्षों में एक बार आता है, जो देशभक्ति दिखाने का अद्वितीय अवसर है। इसलिए जागरूक बनें, अपने अधिकार को जानें और 26 अप्रैल को अपने बूथ पर मतदान जरूर करें।

जोहर पब्लिक स्कूल प्रांगण में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल बूथ से लोगों ने मतदान की प्रक्रिया जानी और युवा विद्यार्थियों की पहल को सराहा। मॉडल बूथ पर मॉडल ईवीएम सहित अन्य उपकरण डिजाइन कर प्रदर्शनी लगाई गई। मतदान उपरांत मतदाताओं ने मॉडल बूथ पर उपलब्ध सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचाई।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि, आपका शासक कैसा हो, इसका निर्णय आपको अपने वोट से करना होता है, जो संविधान ने आपको अधिकार दिया है। बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नो योर कैंडिडेट एप उपलब्ध है जिस पर प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता, आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति का ब्योरा सहित अन्य विवरण उपलब्ध है। इसलिए स्मार्ट मतदाता बनें, सभी चुनें और सही चुनें।

स्कूल प्रधानाचार्या रचना जोहर ने पौधा और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित कर आभार प्रकट किया।वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक व स्वीप सहायक नोडल धर्मेंद्र सक्सेना, जिला युवा अधिकारी व स्वीप समन्वयक अरुण कुमार तिवारी, जिला स्वीप कोर कमेटी से तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# दस वर्षों से इंटर गणित का परीक्षाफल शत प्रतिशत देने वाले प्रवक्ता मो दानिश द्वारा बच्चों को केरियर गाइडेंस भी

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बडौत।**मुस्लिम इंटर कॉलेज असारा में एक बार फिर से गणित विषय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है,जिस पर छात्रों व अभिभावकों ने प्रवक्ता मो दानिश का विशेष आभार व्यक्त किया।वहीं शिक्षक मो दानिश ने भी छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए उन्हें केरियर गाइडेंस करते हुए सिविल परीक्षा पास कर देश की सेवा के भाव जागृत किए।

विगत कई वर्षों से इंटर गणित में शत प्रतिशत परीक्षा फल देने वाले संस्था के गणित प्रवक्ता मोहम्मद दानिश ने बताया कि, जहां एक और इंटर विषय में छात्र शाहनवाज,सादिक, मोनिश आदि ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं, वहीं हाई स्कूल गणित में रितिक कुमार, फरहान ,अब्दुल समद तथा मोहम्मद सावेज द्वारा 88% से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था एवम् अपने परिवार का नाम रोशन किया है।बताया कि, उनकी प्रेरणा से इन बच्चों का लक्ष्य सिविल परीक्षा पास कर देश के विकास में सहयोग करना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्साह वर्धन हेतु बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के शारीरिक शिक्षा अध्यापक अहमद मुस्तकीम, मो अमजद, मो तनवीर, मो नईम, मो अहसान द्वारा छात्रों को मेडल देकर उनके उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## बीएलओ ने मतदाता पर्ची वितरण कार्य किया पूर्ण ,26 अप्रैल को मतदान हेतु की अपील

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**कस्बे के बीएलओ ने सभी 25 वार्डो में मतदाता पर्ची वितरण का कार्य सोमवार को लगभग पूर्ण कर लिया।इस दौरान मतदाताओं को 26 अप्रैल को अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान करने की अपील भी की।

बता दें कि, इस शुक्रवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान होगा, इसके लिए व्यापक तैयारी चल रही हैं। सोमवार को बूथ लेवल आफिसर यानि बीएलओ कस्बे और क्षेत्र में सक्रिय बने रहे। एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि ,सोमवार को कस्बे के सभी अनुभाग समेत गांव व देहात में भी अधिकांश परिवारों के घरों में मतदाता पर्ची का वितरण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही मतदान के लिए मतदाता पर्ची के साथ एक पहचान के रूप में दस्तावेज लाने की अपील की गई। वोटर पर्ची वितरण कार्य में अतुल कुमार आत्रेय, स्वाति सक्सैना, पिंकी रानी, दीपमाला, पुष्पलता, सारिका, सुधि आदि बीएलओ दिनभर जुटे रहे।

# नसबंदी शिविर में आठ लाभार्थियों के हुए आपरेशन

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**सीएचसी पर सोमवार को नसबंदी कैम्प में आठ महिलाओं के सफल आपरेशन हुए।वहीं परिजनों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

क्षेत्र की सीएचसी पर जिला अस्पताल की टीम के डापारूल, डा प्रियंका कंसाना व अरविंद आदि ने आपरेशन किए। अधीक्षक डा मसूद अनवर ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र भर से 16 महिलाओं और एक पुरुष की नसबंदी की गई। शिविर में बीसीपीएम शशि चौधरी, स्टाफ आरिफा तबस्सुम, जरीना, संजीव सांगवान, नफीस, प्रदीप, विनोद, सुषमा, शकुंतला आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने सहयोग किया। क्षेत्र भर की आशा कार्यकत्रियों का विशेष सहयोग रहा।

## अपना बूथ सबसे मजबूत, को लक्ष्य कर रालोद नेता प्रवीण काठा ने अपने गांव में शुरू की मुहिम





**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** मेरा बूथ सबसे मजबूत की थीम पर अब जनपद, प्रदेश अथवा राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को अपनी पार्टी के उम्मीदवार को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मंचों से भाषण तक सीमित रहने के बदले अपने गांव अथवा बूथ स्तर पर जमीनी काम करना चाहिए। रालोद नेता एड धर्मेन्द्र चौधरी ने अपने गांव में अभियान चलाकर अन्य नेताओं को यह संदेश दिया है।

इस दौरान रालोद नेता एड प्रवीण काठा ने अपने गांव काठा में हरिजन, वाल्मीकि, मुस्लिम दर्जी,बैरागी बस्ती में जाकर बुजुर्गो, नौजवानों, माताओं और बहनों से राष्टीय लोकदल एवं भाजपा के सयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के चुनाव चिन्ह "नल"के निशान पर वोट डालने की अपील की। वहीं अपने बूथ के वोटर्स से रालोद को जीत दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

रालोद नेता एड प्रवीण काठा ने कहा कि, 26 अप्रैल के मतदान हेतु पार्टी के प्रत्येक नेता को अपने गांव में आकर बूथ लेवल तक काम करने से ही ऐतिहासिक जीत संभव हो सकेगी, इसके लिए उन्होंने स्वयं मुहिम शुरू की है तथा मतदान तिथि तक लगातार जारी रहेगी।

# मतदान के लिए जागरूक करने हेतु चलाया अभियान

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बडौत।**समाजसेवा के साथ ही राष्ट्रीय गर्व लोकतंत्र के पर्व में शतप्रतिशत भागीदारी हेतु सारथी वेलफेयर फाउंडेशन व पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल ने अभियान के तहत कस्बा छपरौली, शबगा बडौत आदि में जाकर मतदान के लिए किया जागरूक।

पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन व सारथी वेलफेयर फॉउंडेशन की चैयरपर्सन वन्दना गुप्ता ने अभियान के तहत जन जन को बताया कि, 26 अप्रैल के मतदान दिवस पर वोट जरूर करें, क्योंकि मतदान हमारा अधिकार है और 5 वर्षों में एकबार इसके प्रयोग करने का हमें मौका मिलता है।

इस अवसर परआदर्श स्कूल की प्रधानचार्या विजयवती तोमर ने भी महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए कहा, मतदान हमारा हक ओर जिम्मेदारी भी है।इस अवसर पर वन्दना गुप्ता रेनू जैन, चांदनी जैन, प्रिया जैन, रीना जैन, सोनम जैन, निशा जैन, ममता सुनेजा, प्रज्ञा बालियान, सोनिया जैन, निशा जैन पूजा जैन,शशि गर्ग,कविता जैन, रुचि जैन,रीना शर्मा, अभिषेक जैन, विकास गुप्ता,राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

## योगी जी कुछ करिए!छेडछाड से तंग आकर महिला ने गांव से पलायन का लिया फैसला

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।**सुन्हैडा की एक महिला ने गांव के दबंग युवकों के कारण गांव से पलायन करने का निर्णय लिया है। उसने पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीता सिंह को इस निर्णय से अवगत भी करा दिया है।

महिला का आरोप है कि, गांव के दबंग युवक ने उसकी बेटी से दुर्व्यवहार किया। विरोध करने पर उस पर भी हमला किया। पुलिस को सूचना के बाद भी दबंग लगातार उनका उत्पीडन कर रहे हैं। ऐसे में वह परिवार के साथ गांव से पलायन को मजबूर है। दूसरी ओर कोतवाल राजबीर सिंह ने बताया कि ,महिला को सुरक्षा दी जाएगी तथा पलायन नहीं करने दिया जाएगा।

# किसान का छह बीघा गन्ना जला, मुआवजा दिलाने की मांग

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।**कस्बे में खेल स्टेडियम के पास गन्ने के खेतों में आग लग गई। फायर बिग्रेड की गाडी ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया , लेकिन तब तक करीब छह बीघा गन्ना फसल जल गई।

कस्बे के अहिरान मौहल्ले के किसान हरेन्द्र यादव के खेत ईस्टर्न एक्सप्रेस वे के पास बने खेल स्टेडियम के निकट हैं। उसने खेत में गन्ने की फसल बो रखी है। सोमवार शाम खेत के ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता की बिजली लाइन से निकली चिंगारी के कारण गन्ने के खेत में आग लग गई। शोर मचने पर आसपास के किसानों ने आग बुझाने का प्रयास किया।इसबीच फायर बिग्रेड गाडी भी पहुंच गई। कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक किसान की छह बीघा गन्ने की फसल जल गई।किसानों ने पीडित का फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।